तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 23 जून 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



13 फॉर्च्यून स्कूल में कराया गया योगाभ्यास





14 केंद्र की भाजपा पेपर लीक और राज्य की ...




## प्री-मानसून से किसानों को राहत, बोआई के लिए अब अच्छी बारिश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिछले पखवाड़ेभर से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से लोगों को गुरुवार को प्री मानसून की बारिश से थोड़ी राहत मिली है। गुरुवार देर शाम से जिले में 18.2 मिमी औसत बारिश रिकार्ड हुई है,जिसमें महासमुंद तहसील में सबसे अधिक 49.0 मिमी और कोमाखान में सबसे कम 0.3 मिमी बारिश हुई। बारिश से किसान खुश हैं पर उन्हें बोआई के लिए झमाझम बारिश का इंतजार है।

बता दें कि बस्तर में समय पर पहुंचने के बाद मानसून थोड़ा कमजोर हो गया था। जिसके चलते राज्य के कुछ ही हिस्सों में मानसून का असर दिखाई दिया पर शेष हिस्सों में पिछले एक पखवाड़े से भीषण गर्मी और उमस ने लोगों को बेहाल कर रखा था। भले गुरुवार दोपहर बादल छाने के बाद जिले के कुछ हिस्सों में बारिश शुरू हुई जो शाम होते-होते पूरे जिले में फैल गई।

जिला मुख्यालय में गुरुवार दोपहर से शुरू हुई मध्यम बारिश शुक्रवार सुबह तक जारी रही जिससे तापमान में गिरावट आई।

गुरुवार दोपहर 12 बजे तक अधिकतम तापमान 38 डिग्री और 26 डिग्री के आसपास रहा वह बारिश के बाद आज सुबह 11 बजे तक अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम करीब 25 डिग्री सेल्सियस रहा।

### बारिश ने दी तेज गर्मी से राहत, लेकिन उमस से बढ़ रही बेचैनी

#### दो- तीन में बन सकती है सक्रिय मानसून की स्थिति

गुरुवार को हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत तो दी है पर यह लगातार जारी नहीं रही तो उमस से लोग बेहाल हो सकते हैं। इधर, मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पिछले चार दिनों से बस्तर में अटका मानसून आगे बढ़ गया है,पर अब भी 3 - 4 दिन में जिले में सक्रिय होने की पूरी संभावना है। अभी प्री मानसून की बौछार जारी रहेगी और तेज अंधड़ के साथ बारिश होने की संभावना है।



#### महासमुंद तहसील में बारिश अधिक

जिले में पिछले 24 घंटे में कुल 18.2 मिमी औसत बारिश हुई है। जिसमें सबसे अधिक बारिश महासमुंद तहसील में 49.0 मिमी, बसना में 27.7 मिमी, बागबाहरा में 17.1 मिमी, पिथौरा में 11.9 मिमी , सरायपाली में 3 मिमी और सबसे कम कोमाखान तहसील में 0.3 मिमी बारिश हुई है। वहीं 1 जून से अब तक जिले में औसत बारिश 42.6 मिमी हुई है। जिसमें महासमुंद तहसील में 78.1 मिमी, बसना में 43.1 मिमी, बागबाहरा में 34.9 मिमी, पिथौरा में 45.8 मिमी , सरायपाली में 41.5 मिमी और कोमाखान तहसील में 12.3 मिमी बारिश हुई है।

### खबर संक्षेप

#### शराब पिलाने के सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पटेवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम झलप में झुमुर तालाब के पास लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराते पाए जाने पर एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि पटेवा बस स्टैंड में मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम झलप झुमुर तालाब के पास नाथू राम साहू निवासी घोघरा वर्तमान निवास झलप लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहा था। मामले में पुलिस ने आरोपी का कृत्य धारा धारा 36(सी ) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

#### टोपी निकालने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** पिथौरा थाना अंतर्गत ग्राम छिबर्रा में एक व्यक्ति के बार-बार टोपी निकालने से मना करने पर उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई, जिसकी शिकायत पुलिस से की गई है। टीकम पटेल ने पुलिस को बताया कि शाम 4 बजे वह गांव के त्रिलोक एवं विनय के साथ काम का पैसा लेने जाने के लिए गांधी स्तंभ पास इकठ्ठा थे, उसी समय गांव का योगेश्वर धीवर आया और टीकम के पहने हुए टोपी को बार-बार निकाल रहा था, जिसे मना करने पर धक्का दिया और गालियां देकर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं अपने हाथ में पहने कड़े से मारपीट किया जिससे चोटें आई है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 294, 323, 506, पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

#### शराब पीकर पति-पत्नी से मारपीट, अपराध दर्ज

**महासमुंद।** पटेवा थाना अंतर्गत ग्राम पचरी में एक व्यक्ति द्वारा शराब के नशे में पति-पत्नी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पचरी निवासी पाखनराज डोरा ने पुलिस को बताया कि उसका पड़ोसी खेवाराम लहरे आए दिन शराब पीकर गालियां देता है। 20 जून 2024 के सुबह करीबन 9 बजे जब घर के बाहर बैठा था उसी समय खेवाराम उसे देखकर शराब पीकर जबदरस्ती नाम लेकर गालियां देने लगा, जिसे मना करने पर मैं तुम लोंगों को यहां रहने नहीं दूंगा करके हांथ मुक्का से मारपीट किया तथा जान से मारने की धमकी दिया। मारपीट करता देख पत्नी बुगाला बाई डोरा छुड़ाने आई तो खेवाराम ने उसे भी धक्का देकर गिरा दिया, जो कि गर्भवती है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 294, 323, 506 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

#### करंट की चपेट में आए घायल की मौत

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र में बिजली करंट की चपेट में आने से घायल की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 11 मई को सुबह करीब 11 बजे सीतलचरण लोधी पिता नंदकुमार (30 साल) निवासी रामनगर लोधी पारा आरंग जिला रायपुर को ग्राम फुलवारी में बिजली करंट लगा उसे घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर कार्रवाई विवेचना में लिया है।

#### फिनिशिंग तार की चपेट में आई महिला की मौत

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम छोटे लोरम निवासी महिला की खेत में बिजली करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि 21 जून को सुबह 7 बजे से 12 बजे के बीच मुक्ता बाई कश्यम पति गंगाराम कश्यप (65 साल) खेत के मेड़ के पास करंट प्रवाहित हो रही फिनिसिंग तार की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर कार्रवाई विवेचना में लिया है।

### निर्माण: मुआवजा प्रकरण में देरी के कारण शुरू नहीं हो पा रहा निर्माण कार्य

## ब्रिज का इंतजार, दिनभर में 5 घंटे बनी रहती है चक्काजाम की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय और राजधानी को जोड़ने वाले एनएच 353 में बेलसोंडा रेलवे फाटक 24 घंटे में 40 बार से अधिक बार बंद होता है। एक औसत के अनुसार दिन भर में यहां पर तकरीबन 3-5 घंटे के लिए मार्ग बाधित होता है। ओवर ब्रिज बनाने कई साल पुरानी मांग के लिए घोषणा तो हो चुकी है लेकिन, अब तक यह ओवरब्रिज के लिए काम तक शुरु नही हो पाया है। हालांकि, ओवर ब्रिज का काम टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी शुरु नही हो पाया है। बता दें कि ओवर ब्रिज रायपुर-टिटिलागढ़ रेल लाइन पर 58 करोड़ 66 लाख रुपए में प्रस्तावित है। राजस्व विभाग ने अब तक जमीन अधिग्रहण काम पूरा नहीं किया है। विभाग ने जमीन का चिह्नांकन कर लिया है। मुआवजा प्रकरण भी बन गया है। मुआवजे के लिए पैसों की भी स्वीकृति हो चुकी है। लेकिन ना जमीन मालिकों को मुआवजे की राशि मिली है और ना ही उनकी जमीन पर अधिपत्य लिया जा सका है। लिहाजा मार्च में ओवर ब्रिज का टेंडर होने के बाद भी में ठेकेदार काम शुरू नहीं कर पा रहा है। ब्रिज के बनने के बाद महासमुंद वासियों को यातायात संबंधी बड़ी समस्या से निजात मिल सकेगी। महासमुंद, बागबाहरा और ओडिशा का खरियार रोड़ छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से सीधे तौर पर जुड़ जाएगा। वहीं अभी बेलसोंडा में रेल गुजरने की वजह हर आधे घंटे में फाटक बंद होने के कारण यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

#### मरीजों को मिलेगी ब्रिज बनने से राहत

बेलसोंडा के करीब खरोरा में जिला अस्पताल है। जहां आए दिन गंभीर मरीजों को रायपुर मेकाहारा रेफर किया जाता है। लेकिन फाटक बंद होने से मरीज और उनके परिजनों को विकट समस्याओं से गुजरना पड़ता है। ओवर ब्रिज बनने के बाद होने वाली परेशानियों से मुक्ति मिलेगी।



#### 10 करोड़ मुआवजे की राशि

रेलवे ओवर ब्रिज बनाने के लिए वेलसोंडा में महासमुंद और घोड़ारी रायपुर मार्ग की ओर 21 लोगों की निजी जमीन अधिग्रहित होगी। इसके लिए 10 करोड़ रुपए मुआवजा राशि बांटी जाएगी। मुआवजा प्रक्रिया पूरी होने के वाद राजस्व विभाग जमीन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग को जमीन सौंपेगी। उसके बाद निर्माण कार्य आगे बढ़ेगा।

#### रोज हजारों वाहनों की आवाजाही

जिंदल कंसोर्टियम द्वारा 2023 सितंबर में किए गए सर्वे के अनुसार इस मार्ग से क हर दिन 6 हजार से अधिक गाड़ियां को गुजरती हैं। यह सर्वे दरअसल ओवरब्रिज बनाने के लिए किया गया था। ताकि वाहनों के दबाव को ध्यान में रखते हुए ओवरब्रिज बनाने के लिए रास्ता साफ हो सके। नेशनल हाईवे होने की वजह से इस मार्ग से हेवी व्हीकल गुजरते हैं। रेलवे क्रासिंग बंद होने से यहां लंबा जाम लग जाता है।

#### 1200 मीटर लंबी व 12 मीटर चौड़ी बनेगी ओवरब्रिज

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अनुसार बेलसोंडा रेलवे ओवर ब्रिज की लंबाई 1 किमी 230 मीटर होगी। चौड़ाई 12 मीटर रहेगी। इस एक किमी में महासमुंद की ओर माल धक्का से चढ़ने के लिए वैली कैप का निर्माण होगा। इसकी लंबाई क्रॉसिंग तक लगभग 300 मीटर व रायपुर की ओर क्रॉसिंग तक 425 मीटर तक होगी। इसके बाद रेलवे क्रासिंग के बीच लोहे का गर्डर होगा। इसके लिए पटरी के दोनों ओर दो-दो पिलर का निर्माण होगा। पिलर और क्रॉसिंग के बीच की दूरी लगभग 275 मीटर होगी। बाकी250 मीटर कैचमेंट एरिया होगा।

#### ब्रिज बनाने का ठेका मार्च 2024 में पूरा हो चुका

ओवरब्रिज बनाने का ठेका मार्च 2024 में पूरा हो चुका है। नागपुर की मेसर्स खेलाडकर कंपनी को यहां ओवरब्रिज बनाने का काम सौंपा गया है। कंपनी ने बिलो रेट पर यह काम लिया है। आचार संहिता खत्म होने के बाद अब राजस्व विभाग ने जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली है। लेकिन जमीन ठेका कंपनी को हैंडओवर नहीं की जा सकी है। जिसके चलते काम शुरू नहीं हो पा रहा है। दरअसल, ओवरब्रिज का काम शुरू करने के लिए ठेका कंपनी को 90 फीसदी जमीन सौंपना होगा। उसके बाद ही काम शुरू हो पायेगा।

## शासकीय सेवक से मारपीट करने वाले दो आरोपियों को तीन-तीन साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय सेवक से मारपीट करने और कार्यो में बाधा पहुंचाने तथा संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर प्रधान सत्र न्यायाधीश श्रीमती अनिता डहरिया ने तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पिरदा निवासी आरोपित 42 वर्षीय भूषण साहू पिता रतन लाल साहू व 21 वर्षीय शुभम साहू पिता भूषण साहू को भारतीय दंड संहिता की धारा 333 में तीन वर्ष सश्रम कारावास व 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। इसी तरह संपति निवारण अधिनियम 3 के तहत तीन वर्ष के सश्रम कारवास व 5 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर क्रमशः 4 व 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसके अलावा भादसं की धारा 353 के तहत 1 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी।

अभियोजन के अनुसार 13 अगस्त 20 की सुबह 8 बजे नियमित वन सुरक्षा कर्मी भुरू यादव कौंआझर बीट ग्राम बिरबिरा के कक्ष क्रमांक 829 में वन विभाग द्वारा लगाए गए सागौन रूट-शूट पौधों के देखरेख हेतु गया था वहां पर ग्राम पिरदा के भूषण साहू और उसके दोनों लड़के शुभम व विधि से संघर्षरत बालक सागौन के रूट-शूट को फावड़ा कुदाली से उखाड़ कर नुकसान पहुंचा रहे थे। भ

रु यादव द्वारा मना करने पर एकँ राय होकर सभी ने हमारे द्वारा अतिक्रमित किए जमीन पर पौधा लगाने वाला वन विभाग कौन होता है कहकर अश्लील गालियां दी और मारपीट किया। इतना ही नही आरोपितों ने प्रार्थी को माफी भी मंगवाई और जान से मारने की धमकी देते हुए उठक बैठक करवाया। किसी तरह वहां से भागकर प्रार्थी ने तुमगांव थाना में शिकायत दर्ज कराई। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। अभियोजन की ओर लोक अभियोजक भूपेंद्र चंद्राकर ने पैरवी की।

#### रास्ता रोक युवक से लूटपाट

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम मचेवा तालाब के पास एक युवक से तीन अज्ञात व्यक्तियों ने जबरन बलपूर्वक मोबाइल व जेब में रखे 50 रुपए निकले और फरार हो गए जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार हिमांशु देवांगन फॉरेस्ट कॉलोनी महासमुंद से सुरभि कालोनी मचेवा की ओर अपने नव निर्मित मकान को देखरेख को निकला था, इसी दौरान मचेवा तालाब के पास बंजारी मंदिर के आगे 3 लोगों ने रोककर पता पूछा एवं पता पूछते हुए हिमांशु के जेब मे रखे मोबाइल मूल्य लगभग 10 हजार रुपए एवं 50 रुपए को बलपूर्वक चोरी कर फरार हो गया, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 356, 34 पर से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## ग्रामीण से 10 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी मोहित जायसवाल एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज मंडल सरायपाली के मार्गदर्शन में 21 जून को आबकारी वृत्त सांकरा की टीम द्वारा आबकारी वृत्त सांकरा अंतर्गत ग्राम उतेकेल थाना सांकरा निवासी दुबेलाल निषाद के आधिपत्य से कुल 10 लीटर महुआ शराब कीमत 2000 रुपए एवं 7 किलो महुआ लाहन कीमती 350 रुपए जुमला कीमत 2350 रुपए जब्त किया गया। उक्त प्रकरण में अधिक मात्रा में अवैध शराब का धारण करना आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क)(च), 34(2) 59 (क) का गैरजमानतीय प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया एवं रिमांड लेकर जेल दाखिल कराया गया। उपरोक्त कार्रवाई आबकारी उप निरीक्षक वृत्त सांकरा अनिल कुमार झारिया के नेतृत्व में की गई। उक्त कार्रवाई के दौरान आबकारी स्टॉफ सांकरा उपस्थित थे।



## दो मामलों में 25 किलो गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बस का इंतजार कर रहे युवक से पुलिस ने 20 किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह एक अन्य मामले में दो आरोपियों से 5 किलो गांजा बरामद किया। संयोग से दोनों आरोपी महाराष्ट्र के एक ही जिले के निवासी हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 6:20 बजे एनएच 353 रोड टेमरी नाका के पास बाबू बेहरा पिता शंकर बेहरा (24 साल) निवासी जिला गंजाम ओडिशा के कब्जे से 20 किलो ग्राम गांजा कीमत 3,00,000 रुपए, एक मोबाइल कीमत 4 हजार रुपए, 1 बैग कीमत 1 हजार रुपए एवं नगदी रकम 400 रुपए को जब्त कर अपराध धारा 20 बी नारकोटिक्स एक्ट कायम कर कार्रवाई में लिया गया।

इसी तरह सिंघोड़ा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 5 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त कर दोनों के विरुद्ध कार्रवाई किया है, दोनों आरोपी महाराष्ट्र से हैं। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिला कि दो व्यक्ति बैग मे अवैध मादक गांजा रखकर एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल में बस का इंतजार कर रहे है, जिसकी सूचना पर पुलिस ने एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल मे जाकर घेराबंदी कर दो व्यक्ति को पकड़ा जिनके पास में रखे दोनों बैग की तलाशी लिया गया जिसमें 5 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिलने से आरोपी साद कुरैशी पिता जाहिद कुरैशी (20 साल) निवासी थाना भंडारा जिला भंडारा महाराष्ट्र तथा गुंजन नाईक पिता राजपाल नाईक (24 साल) निवासी थाना भंडारा जिला भंडारा महाराष्ट्र से 5 किलोग्राम नमीयुक्त मनोत्तेजक अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 75 हजार रुपए, 2 नग मोबाईल कीमत 18 हजार रुपए को जब्त कर अपराध धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट कायम कर कार्रवाई में लिया गया है।



## कबीर को समझने के लिए मूलवाणी बीजक का अध्ययन जरूरी, भजन सत्संग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रायपुर रोड स्थित स्थानीय कबीर मंदिर में मानवीय एकता के उद्घोषक, पारख सिद्धांत प्रकाशक, बंदीछोर सतगुरु कबीर साहेब के 626वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर नगर समेत आसपास के गांवों से कबीर पंथ के अनुयायी काफी संख्या में पहुंचे थे। यहां साधु संतों ने संध्या पाठ, भजन के साथ कबीर वाणी का बखान किया।

मुख्य वक्ता कबीर निर्णय मंदिर ढेठा के बलवान साहेब व सकरी कबीर आश्रम के जतन साहेब ने उपस्थित सत्संग प्रेमियों को कबीर जयंती की बधाई देते हुए कहा कि कबीर साहेब के जीवन और दर्शन पर आज तक कोई उंगली नहीं उठा पाया। सच और झूठ को उसी रूप में कहने का साहस केवल कबीर साहेब में था। इतना ही नहीं वह जैसे बोलते थे वैसा करते भी थे। संतवृंदों ने कहा कि कबीर साहेब को सही मायने में समझना है तो उसके बीजक का अध्ययन करना होगा। कबीर की मूलवाणी बीजक है, इसलिए प्रत्येक गृहस्थ नर नारी को समय निकालकर बीजक का अध्ययन अवश्य करना चाहिए, जो व्यक्ति बीजक का अध्ययन करेगा, उसके भीतर ज्ञान पिपाशा जागृत होगी और वह उसके गूढ़ रहस्य को समझने के लिए साधु संतों के पास जाएगा। यहीं से उनके जीवन में प्रकाश फैलने लगेगा। अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष की भटकाव से मनुष्य चाहे तो इसी जीवन में निर्वाण प्राप्त कर सकता है।

सत्संग अवसर पर गातापार से हिरम साहेब, बुरहानपुर मध्यप्रदेश से पूनम साहब, कबीर आश्रम के व्यवस्थापक जितेंद्र साहेब समेत भोरिंग, मचेवा, तुमगांव, लाफिन, पसौद, गढ़सिवनी, चिंगरौद, शेर, अछरीडीह, कोसरंगी इत्यादि स्थानों से सत्संग प्रेमी पहुंचे थे।









A to Z महासेल महासमुन्द
आवश्यकता है
सेल में काम करने के लिये 10वीं, 12वीं पास लड़कों की आवश्यकता है।
रहना-खाना फ्री | सीमित पद
संपर्क करें - 9827931702

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल से लघु वनोपज संघ के एमडी ने की भेंट

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक अनिल साहू ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्य में तेंदूपत्ता संग्रहण, संग्राहकों को भुगतान, लघु वनोपज संग्रहण, प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन एवं विपणन की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त वनवासी ग्रामीणों महिला समूहों के लिए चलाए जा रहे रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम से उनको हो रहे आर्थिक लाभ के संबंध में अवगत कराया। साथ ही छत्तीसगढ़ हर्बल के उत्पादों का हैंपर राज्यपाल को भेंट किया।

### कोषालयीन कर्मचारी महासंघ के मरावी अध्यक्ष



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कोषालयीन कर्मचारी अधिकारी महासंघ की आमसभा में सर्वसम्मति से केएस मरावी को संघ का प्रांताध्यक्ष चुना गया। श्री मरावी वर्तमान में संचालनालय कोष एवं लेखा में अपर संचालक के पद पर कार्यरत हैं। निर्वतमान प्रांताध्यक्ष गांधी लाल भारद्वाज का कार्यकाल 03 वर्ष होने पर समाप्त हो गया था। नियामानुसार चुनाव कराना होता है। किन्तु आपसी सहमति से श्री मरावी को संघ का प्रांताध्यक्ष चुना गया। उक्त चुनाव के निर्वाचन अधिकारी कमल वर्मा अध्यक्ष छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के अध्यक्ष थे जिन्होंने श्री मरावी को प्रांताध्यक्ष घोषित किया।

### पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षामंत्री दें इस्तीफा

**रायपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा कि नीट रिजल्ट में बड़ी गड़बड़ी हुई है,



इनमें बड़े-बड़े लोग भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं, जिसे रोक पाना केंद्र सरकार के लिए गंभीर मामला हो गया है। नीट पेपर रिजल्ट गड़बड़ी से बच्चों की भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रही है। सामने आ रहा है कि 35 उम्मीदवारों को नीट-यूजी के प्रश्नप्रत्र के पर्चे मिले थे। इसमें हर उम्मीदवार से 30-30 लाख रुपए लिए गए थे। केंद्रीय शिक्षामंत्री अपने पद से तत्काल इस्तीफा दें।

### रायपुर नगर निगम को बनाएं महानगरपालिका

**रायपुर** । सत्यमेव जयते फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल, शैलेश श्रीवास्तव, सुरेश जैन, शरद गुप्ता ने प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रदेश के सबसे बड़े नगर निगम रायपुर को महानगरपालिका का दर्जा देने या निगम को तीन भागों में विभक्त करके छोटे-छोटे निगम बनाने की मांग की है। सत्यमेव जयते फाउंडेशन ने रायपुर के समुचित विकास के लिए छोटे-छोटे जिलों की तरह नगर निगम रायपुर को भी नए क्षेत्रों को जोड़ते हुए तीन नगर निगम में विभाजित किए जाने की मांग की है। रायपुर नगरीय निकाय क्षेत्र की आबादी लगभग 20 लाख हो चुकी है।

# कृषि पंपों के 50 हजार आवेदन पेंडिंग, सालभर में लगेंगे 20 हजार कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के किसानों का रुझान अब कृषि पंपों की तरफ इतना ज्यादा हो गया है कि करीब सात साल से कृषि पंपों के लिए हजारों की संख्या में आवदेन पेंडिंग हो जाते हैं। बीते कुछ सालों से लगातार हर साल 50 हजार से ज्यादा आवेदन पेंडिंग होने के कारण किसी को भी तत्काल आवेदन देने पर नया कनेक्शन नहीं मिल पाता है। नियम से किसानों को 90 दिनों में कनेक्शन देने का प्रावधान है। अगर खेतों तक बिजली की लाइन नहीं है तो 180 दिनों के अंदर कनेक्शन देने का नियम बिजली नियामक आयोग ने बनाया है, लेकिन इस नियम का पालन हो पाना पेंडिंग कनेक्शन के कारण संभव नहीं हो रहा है।

### पेंडिंग आवेदन निपटाने में लगेंगे चार साल, तब तक उतने ही आवेदन फिर आ जाएंगे



### जितने कनेक्शन, उतने ही आवेदन भी

प्रदेश में जितने कनेक्शन सालभर में दिए जाते हैं, आमतौर पर उतने ही आवेदन हर साल नए कनेक्शन के लिए आ जाते हैं। ऐसे में वापस उतने ही आवेदन पेंडिंग हो जाते हैं। कई सालों से 50 हजार या इससे ज्यादा आवेदन पेंडिंग रहते ही हैं। जानकारों के मुताबिक पूरे आवेदनों का निपटारा करने के लिए प्रदेश सरकार को कम से कम पांच सौ करोड़ का बजट अतिरिक्त देने पर ही सारे आवेदनों का निपटारा संभव होगा।

पेंडिंग आवेदनों के पूरे निपटारे के लिए पांच सौ करोड़ के बजट की जरूरत पड़ेगी, जबकि सालभर के लिए पॉवर कंपनी को डेढ़ से दो सौ करोड़ का बजट मिलता है, इतने बजट में 20 हजार कनेक्शन ही लग पाते हैं। इस साल भी 20 हजार कनेक्शन लगाने का लक्ष्य है।

कृषि पंप के एक कनेक्शन पर करीब एक लाख खर्च होते हैं। पेंडिंग कनेक्शन के ज्यादा आवेदनों को देखते हुए पिछली कांग्रेस सरकार ने एक बार कृषि पंपों के कनेक्शनों के लिए तीन सौ करोड़ का बजट दिया था, तब इसके कारण ज्यादा कनेक्शन लग पाए थे। प्रदेश में किसानों के पंपों के कनेक्शन के पेंडिंग आवेदनों के कारण प्रदेश सरकार ने ज्यादा बजट दिया था तो पहली बार 2021-22 में ही रिकॉर्ड 65743 किसानों को कनेक्शन मिले थे। इसके बाद 22-23 के सत्र में करीब 35 हजार से ज्यादा कनेक्शन दिए गए, लेकिन इतना सब होने के बाद भी 50 हजार से ज्यादा आवेदन पेंडिंग रहे। 23-24 के सत्र में भी बहुत कनेक्शन देने के बाद इस साल मार्च 24 की स्थिति में करीब 55 आवेदन पेंडिंग थे। 2024-25 के सत्र में करीब 20 हजार कृषि पंपों के कनेक्शन दिए जाने हैं। इसमें से इस समय पांच हजार से ज्यादा कनेक्शन दिए गए हैं और 50 हजार के आसपास आवेदन पेंडिंग हैं। अब खेती-किसानी का काम प्रारंभ होने के कारण फसल कटाई तक करीब पांच माह तक नए कनेक्शन लग पाना संभव नहीं होगा। इस बीच पांच माह में 10 हजार से ज्यादा आवेदन और आने की संभावना है।

## नीट घोटाले के विरोध में कांग्रेस का राजीव गांधी चौक पर धरना

# भूपेश बोले- केंद्र सरकार नीट मामले में फेल केन्द्रीय शिक्षामंत्री को बर्खास्त किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी के विरोध में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई एवं केन्द्रीय शिक्षामंत्री को बर्खास्त करने की मांग को लेकर एक दिवसीय राजस्तरीय धरना प्रदर्शन राजीव गांधी चौक रायपुर में हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, नीट में जिस प्रकार से पेपर लीक हुआ है, उससे परीक्षार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। जो अयोग्य हैं, वो पैसों के दम पर सेलेक्ट हुए हैं। इसी के खिलाफ आज धरना प्रदर्शन का आयोजन हुआ है।

यह सिर्फ पेपर लीक ही नहीं है, यह महाघोटाला है। महाघोटाला में जिस प्रकार से नंबर दिया गया है, उसमें गड़बड़ी है। गुजरात के परीक्षा केन्द्रों में गंभीर फर्जीवाड़ा हुआ। भाजपा और उसके गठबंधन सहयोगियों के राज्यों में ही अधिकांश घोटाले हुए, गुजरात, हरियाणा और बिहार नीट फर्जीवाड़े का प्रमुख केन्द्र है। बिहार में जो पकड़ा गया वहां से शुरूआत हुई। कोटा के छात्र को बुलाकर वहां एग्जाम दिलाया गया। केन्द्रीय शिक्ष मंत्री यह कहते हैं, कोई पेपर लिक नहीं हुआ। आज उन्हें स्वीकार करना पड़ा पेपर लिक हुआ है और इसमें गड़बड़ियि हुई है। इसलिए नीट के एग्जाम रद्द किए जाए। किसी स्वतंत्र एजेंसी से इसकी जांच करात्र जानी चाहिए। हमारी मांग है कि मंत्री और नीट के अध्यक्ष को बर्खास्त किया जाए।




### भाजपा के सांसद मौन क्यों

श्री बघेल ने कहा, सारे जगह भ्रष्टाचार और एक संगठन एक विचारधारा के लोगों की गलत नियुक्तियों के कारण आज पूरे देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। छत्तीसगढ़ से भाजपा के 10 सांसद जीते हैं। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ क्यों किया जा रहा है, ये मौन क्यों है? इनको बोलना चाहिए गलत हुआ है या सही।

### ये रहे उपस्थित

धरने में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू, अंबिका मरकाम, विधायक सावित्री मंडावी, विधायक कविताप्राण लहरे, विकास उपाध्याय, छाया वर्मा, राजेन्द्र तिवारी, गिरीश दुबे, उधोराम वर्मा, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, सूर्यमणी मिश्रा, महेन्द्र छाबड़ा,युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय कन्हैया अग्रवाल, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, गुरूमुख सिंह होरा, राजेन्द्र साहू, लक्ष्मी धुरव, अरूण वोरा, हेमा देशमुख, शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुरेन्द्र शर्मा, नंदलाल देवांगन, सतीश जग्गी, विनोद चंद्राकर, सुबोध हरितवाल, ज्ञानेश शर्मा, श्री कुमार मेनन, शिव सिंह ठाकुर, सुंदर जोगी सहित वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

# वार्डों के विस्तार के लिए अधिकारियों को दी गई परिसीमन की ट्रेनिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव होने से पहले नगर निगम व नगर पालिका क्षेत्रों में वार्डों का विस्तार करने की तैयारियां अब जोर पकड़ने लगी हैं। इसके तहत शुक्रवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय के अधिकारियों ने वार्डों का परिसीमन करने वाले राजस्व अधिकारियों को विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण के बाद राजस्व अधिकारी अपने-अपने वार्डों का 24 जून से परिसीमन का काम शुरू कर देंगे। परिसीमन के बाद प्रस्तावों पर दावा-आपत्तियां मंगाई जाएंगी, जिसका निराकरण करने के बाद ही प्रस्ताव को मंजूरी के लिए शासन को भेजा जाएगा।

### निगम आयुक्त ने समय सीमा में प्रस्ताव तैयार करने दिए निर्देश

*रायपुर निगम मुख्यालय के डाटा सेंटर में पहुंचकर आयुक्त अबिनाश मिश्रा भी इस वीडियो कांफ्रेंसिंग में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने निगम क्षेत्र के राजस्व अधिकारियों को शासन के निर्देश पर वार्डों के परिसीमन का कार्य तय समय सीमा के भीतर करने के निर्देश दिए। इस दौरान डाटा सेंटर में उपायुक्त सामान्य प्रशासन कृष्णा खटीक, उपायुक्त स्वास्थ्य एके हालदार, नगर निवेषक निषीकांत वर्मा, सहायक अभियंता नितिश झा, आषुतोश सिंह, आईटी विशेषज्ञ रंजीत रंजन, डाटा सेंटर के प्रभारी राधेश्याम एक्का उपस्थित थे।*

### 8 जुलाई तक तैयार करना है प्रस्ताव

वार्डों के परिसीमन का प्रस्ताव के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। इसके तहत राजस्व अधिकारियों को 24 जून से 8 जुलाई तक समय दिया गया है। इस समय सीमा में प्रस्ताव तैयार किया जाना है। इसके बाद प्रस्ताव पर दावा-आपत्तियां मंगाई जाएगी। इसके लिए 9 से 15 जुलाई का समय निर्धारित किया गया है। दावा-आपत्तियों के निराकरण करने के बाद ही 18 जुलाई को प्रस्ताव मंजूरी के लिए शासन को भेजा जाएगा।

# बैज बोले- कांग्रेस बिजली कटौती पर करेगी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार में आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रही है। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी की जाती थी।

रबी फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निःशुल्क मिलती थी। कांग्रेस की सरकार के दौरान बिजली आपूर्ति निर्बाध गति से चले इसके लिए ट्रांसफार्मर के पॉवर बढ़ाए गए थे, नए ट्रांसफार्मर लगाए गए थे। ट्रांसमिशनों को अपग्रेड किया गया। भाजपा की सरकार में 6 माह में ही बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है, आम जनता सड़कों



पर उतरकर बिजली की समस्या को लेकर आंदोलन कर रही है। श्री बैज ने कहा कांग्रेस बिजली कटौती को लेकर प्रदेश में शीघ्र ही जन आंदोलन छेड़ेगी। श्री बैज ने कहा, पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिए बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटों बिजली गोल हो जाती है।

# संजय बोले- युवाओं का भविष्य चौपट करने वाले किस मुंह से प्रदर्शन कर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने नीट और नेट परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को किए गए प्रदर्शन पर कहा, कांग्रेस इस मामले में सस्ती राजनीति करके प्रदेश के उन युवाओं को बरगलाने की शर्मनाक हरकत कर रही है, जिनके साथ कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार ने छल-कपट और धोखाधड़ी की सारी हदें पार कर दी थीं। कांग्रेस के लोग क्या पीएससी का घोटाला भूल गए।



कांग्रेस सरकार ने पीएससी के बच्चों के साथ अन्याय किया, पीएससी में बड़ा घोटाला हुआ तब कांग्रेसियों ने एक शब्द तक नहीं कहा। कांग्रेस को अपने दोहरे राजनीतिक चरित्र पर आखिर कब शर्म महसूस होगी। श्री श्रीवास्तव ने कहा, नीट पेपर लीक मामले पर हायतौबा वह कांग्रेस मचा रही है, जिसने अपने शासनकाल में पीएससी प्रतियोगी परीक्षा में घोटाला करके युवाओं के सपनों को चूर-चूर तो किया ही, साथ ही उनके परिजनों तक के उन अरमानों को रौंदने का काम किया था, जो उन परिजनों ने अपनी सारी जमा-पूंजी, सम्पत्ति दांव पर लगाकर अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य को लेकर संजोए थे। श्री श्रीवास्तव ने कहा, नीट पेपर लीक कांड को लेकर भाजपा सरकार पूरी संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ जांच प्रक्रिया में जुटी है, बावजूद इसके कांग्रेस सस्ती और ओछी राजनीति करके प्रदेश के वातावरण को बिगाड़ने के मौके तलाश रही है।

# मवेशी कारोबारियों के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग, मुस्लिम समाज ने रैली निकाली, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र में एक पखवाड़ा पूर्व छह-सात जून की दरमियानी रात आरंग थाना क्षेत्र में मवेशी तस्करी करने के आरोप में भीड़ द्वारा तीन लोगों की पीट पीटकर हत्या करने की घटना में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी नहीं होने से मुस्लिम समाज नाराज है। मुस्लिम समाज के सात सौ लोगों ने शुक्रवार को नमाज पढ़ने के बाद सुभाष स्टेडियम तक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को देखते हुए आधा दर्जन से ज्यादा राजपत्रित पुलिस अफसरों के साथ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

एएसपी ट्रैफिक ओम प्रकाश शर्मा के मुताबिक मुस्लिम समाज के लोग बंजारी बाबा दरगाह से रैली निकालकर सुभाष स्टेडियम के पास पहुंचे। वहां समाज के लोगों ने एडीएम देवेंद्र पटेल को ज्ञापन सौंप



कर हत्या के आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की। रैली के

- **समाज के सात सौ के करीब लोगों ने नमाज पढ़ने के बाद रैली निकालकर एडीएम को ज्ञापन सौंपा**

दौरान समाज के लोगों की पुलिस के साथ धक्का मुक्की भी हुई। पुलिस के साथ धक्का मुक्की होते देख जिम्मेदार लोगों ने समाज के लोगों से पुलिस के साथ धक्का मुक्की नहीं करने तथा शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने की गुजारिश की। गौरतलब है कि घटना दिनांक को महानदी पुल के नीचे एक मृत तथा दो घायल अवस्था में मिले थे। एक घायल की मौत उपचार कराने अस्पताल ले जाते हुई थी, एक घायल की मौत चार दिन पहले अस्पताल में उपचार के दौरान हुई है।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक नीनु इटियेरा ने प्रस्तुत की रेलवे की उपलब्धि

# जीएम ने गिनाई उपलब्धि, 9 महीनों में चौथी और तीसरी लाइन का काम करेंगे पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को बजट अधिक मिलने के बाद से लगातार विकास कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को महाप्रबंधक नीनु इटियेरा ने उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा विकास कार्यों की जानकारी देने के साथ यात्री सुविधाओं के बारे में भी बताया। बैठक में बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे राष्ट्र का मालवाहक है। जोन भारतीय रेलवे का दूसरा सबसे अधिक माल लदान करने वाला जोन है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 236 मिलियन टन माल लदान किया है, जो 10 प्रतिशत वृद्धि है। महाप्रबंधक ने बताया कि अगले 9 महीनों में हम मल्टी-ट्रैकिंग कार्य करेंगे, इसमें तीन बहुत ही महत्वपूर्ण रेलखंड शामिल हैं, जिसमें बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी लाइन, अनूपपुर-कटनी तीसरी लाइन, राजनांदगांव-नागपुर तीसरी लाइन प्रमुख है। इन कार्यों के पूरा होने से गतिशीलता में काफी सुधार होगा। पिछले वित्तीय वर्ष में हमने 143 किलोमीटर नए सेक्शन, 133.3

### 2025 तक 421 किलोमीटर का लक्ष्य



किलोमीटर मल्टी-ट्रैकिंग, 3.8 किलोमीटर नई लाइनें और 6 किलोमीटर गेज परिवर्तन का काम पूरा किया है, जिसमें बिलासपुर-उसलापुर आरओआर फ्लाईओवर का निर्माण किया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कुल 421 किलोमीटर का लक्ष्य रखा गया है। 224 किलोमीटर मल्टी-ट्रैकिंग, 20 किलोमीटर नई लाइनें और 177 किलोमीटर गेज परिवर्तन।

### 15 ट्रेनों में थर्ड एसी इकोनॉमी कोच

*पिछले वित्तीय वर्ष में महत्वपूर्ण स्टेशनों से 8 जोड़ी नई यात्री सेवाएं शुरू की हैं। 06 जोड़ी ट्रेनों का विस्तार किया गया है। विभिन्न ट्रेनों को 16 स्टेशनों पर नए ठहराव दिए गए हैं। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पिछले वित्तीय वर्ष में 367 से अधिक अतिरिक्त कोच लगाए गए थे। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 32 अतिरिक्त कोच उपलब्ध कराए जा चुके हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए वर्ष 2023-24 में 3 और ट्रेनों में पारंपरिक आईसीएफ कोचों के स्थान पर एलएचबी कोचों का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही वर्ष 2023-24 में 15 ट्रेनों में थर्ड एसी इकोनॉमी कोच लगाए गए हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में भारत गौरव ट्रेनों के 23 ट्रिप और आस्था स्पेशल ट्रेनों के 11 ट्रिप संचालित किए गए थे।*

### 204 स्टेशनों पर मिलने लगी मुफ्त वाई-फाई

पिछले वित्तीय वर्ष में 13 फुट ओवर ब्रिज और 09 हाई लेवल प्लेटफॉर्म का निर्माण पूरा किया गया। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 01 एफओबी उपलब्ध कराया गया है। विभिन्न स्टेशनों पर 25 लिफ्ट और 14 एस्केलेटर की सुविधा उपलब्ध है और 04 एस्केलेटर और 09 लिफ्ट लगाने का कार्य प्रगति पर है। 204 स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म पर यात्रियों के लिए मुफ्त वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए 1800 करोड़ से अधिक की लागत से 47 स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अलावा हमारी रेलवे के 03 स्टेशनों बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग का पुनर्विकास किया जा रहा है। रेल मदद ऐप और हेल्पलाइन नंबर 139 तथा सोशल मीडिया के माध्यम से यात्रियों की शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा है। इस उद्देश्य के लिए प्रत्येक मंडल व क्षेत्रीय रेलवे मुख्यालयों पर विशेष वॉर रूम बनाए गए हैं।

# शिवसेना ने दिया धरना कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** राष्ट्रहित और प्रदेशहित के मुद्दों पर छत्तीसगढ़ शिवसेना ने बूढ़ातालाब धरनास्थल पर एक दिवसीय धरना दिया गया। उसके बाद मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष मधुकर पांडे, प्रदेश महासचिव सुनील झा, प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला, प्रदेश महामंत्री राजेश ठाकरे, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवा केसरवानी, धर्मेंद्र ठाकुर, धनंजय चौहान, विकास ठाकुर, आरके शुक्ला, प्रदेश सचिव दिनेश ठाकुर, हिमांशु शर्मा, दिनेश ताम्रकार, प्रदेश संगठक आशीष परेडा, महिला सेना प्रदेश सचिव अनामिका अवस्थी, जिला अध्यक्ष नेहा तिवारी, बिलासपुर जिला अध्यक्ष मुकेश, महासमुंद जिला अध्यक्ष अजय बंजारे, बस्तर जिलाध्यक्ष राजेश कुकड़े, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष कमल सोनी आदि शामिल हुए।

**प्रमुख मांगें:** देश को हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए, समान नागरिक संहिता यूसीसी लागू की जाए, नागरिक संशोधन अधिनियम 2019 सीएए को पूरे देश में लागू किया जाए, जनसंख्या नियंत्रण के लिए दो बच्चों से अधिक होने पर उस परिवार को स्वास्थ्य, स्कूल, राशनकार्ड, गैस कार्ड का सरकारी लाभ न दिया जाए।

## खबर संक्षेप

### बसना ब्लॉक अध्यक्ष बने गजेंद्र नायक

**महासमुंद।** छग टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक बसना के ब्लॉक अध्यक्ष अरुण प्रधान ने व्यक्तिगत कारणों से ब्लॉक अध्यक्ष के दायित्वों को निर्वहन करने में असमर्थता व्यक्त करने के कारण जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी ने



जिला एवम ब्लॉक के पदाधिकारियों से चर्चा कर प्रांतीय संयोजक सुधीर प्रधान से अनुमोदन उपरांत शापूमाशा मोहका में पदस्थ शिक्षक गजेंद्र नायक कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष बसना को ब्लॉक अध्यक्ष बसना का अस्थायी प्रभार दिया गया है। मनोनीत ब्लॉक अध्यक्ष बसना को छग टीचर्स एसोसिएशन के नियमावली के अनुसार पूर्ण निष्ठा एवम ईमानदारी से ब्लॉक अध्यक्ष बसना के दायित्वों का निर्वहन करने का आग्रह किया गया है। प्रदेश महासचिव शोभा सिंह देव,संगठन मंत्री पूर्णानंद मिश्रा, प्रचार मंत्री केशवराम साहू,प्रदेश महिला प्रकोष्ठ अर्चना तिवारी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष सादराम अजय,जिला कोषाध्यक्ष विजय प्रधान,सचिव नंदकुमार साहू,ब्लॉक अध्यक्ष महासमुंद राजेश साहू, विनोद यादव, महेंद्र चौधरी, ललित साहू, अरुण प्रधान,उपाध्यक्ष दिलीप नायक, वीरेंद्र नर्मदा, ख़लिाबन वर्मा, खोशिल गेन्द्रे, मीडया प्रभारी प्रदीप वर्मा, पुष्पलता भार्गव,अनिल सिंह साव,विजय शंकर विशाल ,हेमंत दास, गजानंद भोई, सालिक राम साहू, गौरी शंकर पटेल,मनीष अवसरिया, देवेंद्र चन्द्राकर,सोमनाथ चौहान, कैलाश पटेल, देवेंद्र भोई, लक्ष्मण दास मानिकपुरी, राधेश्याम पटेल सहित समस्त जिला एवम ब्लॉक पदाधिकारियों ने मनोनीत ब्लॉक अध्यक्ष बसना गजेंद्र नायक को शुभकामनाएं दी हैं। उक्ताशय की जानकारी जिला सचिव नंदकुमार साहू एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी।

### ईंट से हमला करने पर अपराध कायम

**महासमुंद।** गाली गलौच करने से मना करने पर आरोपी ने प्रार्थी को ईंट के टुकड़े से फेंककर मार दिया। जिससे प्रार्थी चोटिल हो गया और बेहोशी के हालत में उसे बागबाहरा के सरकारी अस्पताल में दाखिल किया गया जहां से उसे उचित इलाज के लिए रिफर कर दिया गया। कोमाखान थाना अंतर्गत ग्राम खैरटकला में हुई घटना के संबंध में सुकवारो बाई ने पुलिस को बताया कि उसके देवर का बेटा खेमराज ठाकुर जमीन के हिस्से बंटवारे के नाम से आए दिन गाली गलौज करता रहता है 19 जून 2024 को सुकवारो बाई का पति तिजऊ राम ठाकुर किसान सम्मान निधि के केवाईसी कार्य हेतु बागबाहरा गया था, जहां से दोपहर 2:30 बजे घर आया तो उसी समय खेमराज ठाकुर गाली गलौज कर रहा था, जिसे तिजऊ राम ठाकुर ने मना किया तो खेमराज ठाकुर के द्वारा एक ईंट के टुकड़े को उठाकर तिजऊ राम के सिर पर फेंककर मारा जिससे उसके सिर में काफी चोंट आकर खून निकलने लगा और तिजऊ राम बेहोश हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 325 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## आयोजन : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुए कार्यक्रम

# फॉर्च्यून स्कूल में कराया गया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बागबाहरा विकासखंड स्थित फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमा पटपर में प्रातः 7.30 बजे से 9.30 बजे तक योग व्यायाम के विभिन्न कार्यक्रम संचालित हुए।

संस्था के डायरेक्टर निरंजन साहू के मार्गदर्शन में सभी कार्यक्रम संचालित हुए। इस अवसर पर निरंजन साहू ने संबोधित करते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग को प्रतिदिन अपने क्रियाकलापों में स्थान देना चाहिए। योग व्यायाम



अच्छे स्वास्थ की कुंजी है।

संस्था के संस्थापक सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही एक दिन पहले निरंजन साहू से फोन पर चर्चा कर तैयारियों का जायजा लिया तथा योग दिवस पर ऑनलाइन जुडकर नियमित योग करने तथा स्वच्छता का पालन करते हुए स्वस्थ रहने तथा योग दिवस की शुभकामनाएं दी। योग दिवस के कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा लक्ष्मी प्रिया साहू, रश्मि साहू, पार्वती ठाकुर, भूमिका यादव, प्रीति यादव, लोकनाथ धृतलहरे, जागेंद तांडी तथा स्टाफ सम्मिलित हुए।

## योगाभ्यास





**महासमुंद।** विश्व योग दिवस पर जिला जेल में निरुध्द बंदियों को भी योगाभ्यास कराया गया। इसमें कैदियों ने भी उत्साह से भाग लिया।

# मोहगांव स्कूल में हुआ योग दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शासकीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/हाई स्कूल मोहगांव के संयुक्त तत्वाधान में दसवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को विद्यालय में योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सुबह 7 बजे से 8 बजे तक निर्धारित सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास, सूक्ष्म व्यायाम एवं प्राणायाम कराया गया तथा योग से होनेवाले लाभ के बारे में बताया गया।

आज के बदलते लाइफ स्टाइल और खान-पान के दुष्प्रभाव से शरीर को योग प्राणायाम से ही स्वस्थ रखा जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चे, शिक्षक एवं ग्रामीण उपस्थित थे। सभी लोगों ने योग को अपनी




दिनचर्या में सम्मिलित करने का संकल्प लिया। शासकीय हाई स्कूल के प्राचार्य जे कुमार और प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक भोजराज प्रधान द्वारा योग कराया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी को गुड़ चना का वितरण किया गया। योगाभ्यास को सफल बनाने में मिडिल स्कूल प्रधान पाठक रविलाल प्रधान, शिक्षक हेमन्त कर, अहीर कुमार बरिहा, गौरीशंकर पण्डा सहायक शिक्षक, कविता बढ़ाई, रोहित प्रधान, विजय बारीक शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, प्रह्लाद प्रधान, मोहन साव, लक्ष्मण भोई की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सड़क चौड़ीकरण के लिए देहरादून के नैसर्गिक वृक्षों की कटाई आदेश निरस्त करने ग्रीन केयर ने की मांग

### चिपको आंदोलन के प्रणेताओं की भूमि के लिए दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय - डॉ पाणीग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

विकास के नाम पर हरे भरे नैसर्गिक वृक्षों की बलि कब बंद होगी। भवन, बांध, सड़क, राजमार्ग की जब भी योजना बनती है तो सबसे पहले कुल्हाड़ी वृक्षों पर पड़ती है और अब कुल्हाड़ी कहां ,अब तो मशीनीकृत आरियों से मिनटों में सैकड़ों साल के वृक्षों की बलि ले ली जाती है। पर्यावरण प्रेमी छाती पीटते ,चीखते चिल्लाते रह जाते हैं। ऐसा ही कुछ देहरादून में होने वाला है। देहरादून से मसूरी तक सड़क चौड़ीकरण के लिए काटे जाने वाले लगभग 300 वृक्षों को चिन्हित कर लिया गया है, कुछ वृक्षों में तो नंबरिंग भी लिख दी गई है। 160नंबर लिखा वट वृक्ष तो 250 वर्षों से मानव सेवा करता आ रहा है तथा लोगों की खासकर मातृ शक्ति की आस्था भी



जुड़ी हुई है। यह देव वृक्ष स्वरूप है। इसके अतिरिक्त 90 तथा शतायु वृक्ष भी है। पर्यावरण प्रेमी डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने देहरादून से काफी दूर छत्तीसगढ़ से उपरोक्त उद्गार व्यक्त करते हुए इसे तत्काल रद्द करने की मांग करते हुए कहा है कि वृक्षों को बचाने के लिए चिपको आंदोलन के प्रणेताओं की प्रेरणा प्रदेश में वृक्षों का इस तरह काटा जा ना दुर्भाग्यपूर्ण है। डॉ पाणिग्राही ने यह भी कहा कि सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में जनता को यह आश्वस्त किया है कि अब सड़क बनाने, राजमार्ग बनाने के लिए कोई भी पेड़ काटा नहीं जाएगा। पेड़ों को जड़ समेत उखाड़कर उन्हें स्थानांतरित एवं पुनर्रोपित किए जायेंगे। अभी हाल ही की बात है। मंत्री के आदेशों की अवहेलना कर इस तरह पेड़ों की कटाई उचित नहीं है।

ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया ने राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवम उत्तराखंड के मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग की है कि इस पर पुनर्विचार करते हुए वृक्षों की कटाई का आदेश निरस्त कर वृक्षों को अभयदान दें । पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी यह सर्वश्रेष्ठ होगा।

# जिले के मरीजों को मिले बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएंः पिंगुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ तथा संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं ऋतुराज रघुवंशी एवं उनकी टीम ने शुक्रवार को महासमुंद जिले के स्वास्थ्य केंद्रों, ड्रग वेयर हाउस एवं ग्रामों का आकस्मिक निरीक्षण किया। और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। दवाइयों की उपलब्धता बनाए रखें, मरीजों की सहूलियत का भी ध्यान रखें। अपर मुख्य सचिव एवं उनके टीम द्वारा सर्वप्रथम सीजीएमएससी ड्रग वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया, जहां पर दवाईयों के रखरखाव व उपलब्धता के लिए इंडेट की जानकारी ली गई। ड्रग वेयर हाउस के साईनेज बोर्ड प्रदर्शित करने, रंग रोगन करने एवं विभिन्न दवाइयों व सामग्रियों को व्यवस्थित रखने तथा परिसर की उचित साफ-सफाई रखने तथा दवाइयों के वितरण में नियर एक्सपायरी दवाइयों का पहले वितरित किया जाएं तथा वितरण नहीं हो पाने की स्थिति में राज्य कार्यालय को अवगत कराते के लिए निर्देशित किया गया।

### मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने के निर्देश

अपर मुख्य सचिव ने ग्राम कुहरी का औचक निरीक्षण किया गया, जहां पर मितानिन डोमेश्वरी चक्रवती से भेंट किया गया, उनके घर के सामने नेम प्लेट प्रदर्शित पाया गया है, जिसमें मोबाइल नम्बर भी अंकित करने के लिए निर्देशित किया गया। उनकी मितानिन दवाई पेटी का निरीक्षण किया गया तथा तथा मितानिन दीदी से ग्राम की जनसंख्या, समस्त का स्वास्थ्य जांच, सिकलिन जांच एवं ग्राम में किसी प्रकार की अन्य स्वास्थ्यगत समस्याओं पर जानकारी ली गई।

### दवाइयों की उपलब्धता की ली जानकारी

तदुपरांत अपर मुख्य सचिव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झलप का निरीक्षण किया गया, जहां पर ऑनलाइन ओपीडी पर्ची एवं संबंधित पोर्टल की जानकारी ली गई। लैब टेस्ट, दवाइयों की उपलब्धता, एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता, संस्थागत प्रसव व आईपीडी की जानकारी ली गई। संस्था के नेत्र सहायक अधिकारी से उक्त क्षेत्र में स्कूलों में किये गये नेत्र जांच तथा निःशुल्क चश्मा वितरण की जानकारी ली गई। आईपीडी के विरूध्द शतप्रतिशत आयुष्मान क्लेम करने तथा विगत वर्ष आयुष्मान क्लेम से प्राप्त राशि एवं इस वर्ष उक्त राशि में वृध्दि आदि की जानकारी लेते हुए मरीजों को उचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु



हेतु निर्देशित किया गया।

### आरोग्य मंदिर टेका का निरीक्षण

इसके उपरांत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र) टेका विखं पिथौरा का निरीक्षण किया गया, जहां पर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला) से स्वास्थ्य सुविधाओं व उपलब्ध दवाइयों तथा गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाले सुविधाओं की जानकारी लेते उच्च जोखिम वाली महिलाओं की सूची बोर्ड में प्रदर्शित करते हुए उनका नियमित फॉलोअप करने के लिए निर्देशित किया गया। मरीजों से स्वास्थ्य सुविधा की गुणवत्ता तथा प्रदाय किये जा रहे भोजन के बारे में जानकारी ली गई। अपर मुख्य सचिव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झलप एवं उप स्वास्थ्य केंद्र टेका को एनक्यूएएस के लिए तैयार करने निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना का निरीक्षण किया गया, उक्त संस्था के एक्स-रे कक्ष, ओपीडी आईपीडी कक्ष एवं लैब आदि का निरीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में पोषण पुर्नवास केंद्र प्रारंभ करने के लिए प्रस्ताव भेजने तथा सिजेरियन प्रसव प्रारंभ करने के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश सीएमएचओ महासमुंद को दिया गया। आईपीडी के विरूध्द शत प्रतिशत आयुष्मान क्लेम करने हेतु निर्देशित किया गया। मरीजों से स्वास्थ्य सुविधा की गुणवत्ता तथा प्रदाय किये जा रहे भोजन के बारे में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली का भी निरीक्षण किया गया, जहां पर सर्वप्रथम ओपीडी कक्ष में ऑनलाईन पर्ची एवं संबंधित पोर्टल की जानकारी ली गई। उसके उपरांत फार्मेसी कक्ष में दवाई वितरण प्रणाली की जानकारी लेते हुए संस्था में उपलब्ध दवाइयों की जानकारी ली गई। इसी कड़ी में लैब का निरीक्षण किया गया, जहां पर लैब रिपोर्ट के ऑनलाईन एंट्री एवं मरीजों को व्हाट्सअप व हार्ड कॉपी में दिये जाने की जानकारी प्रदाय किया। इसके उपरांत एक्स-रे कक्ष, स्टोर रूम का भ्रमण किया गया। पोषण पुर्नवास केंद्र सरायपाली के निरीक्षण के दौरान भर्ती बच्चे के मां से संस्था द्वारा दिए जा रहे भोजन व नास्ता व उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली गई तथा उन्हें डिस्जार्च होने के उपरांत शासन की ओर से मरीजों को दिए जाने वाले राशि की जानकारी दी गई।

इसके उपरांत लेबर रूम में भर्ती मरीजों से प्रदाय स्वास्थ्य सुविधा की गुणवत्ता व प्रसव उपरांत कितने दिनों तक भर्ती रखे जाने आदि के संबंध में चिकित्सकों से जानकारी ली गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में सिजेरियन प्रसव प्रारंभ करने के लिए निश्चेतना विशेषज्ञ की पदस्थापना एवं अन्य आवश्यक सुविधा के लिए प्रस्ताव प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान उप संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, सीएमएचओ महासमुंद, डीपीएम महासमुंद एवं राज्य स्तर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# बम्हनी में कबीर जयंती पर चौका आरती का हुआ आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी में संत कबीर साहेब के जयंती के अवसर पर गांव के साहू समाज के द्वारा बम्हनेश्वर नाथ मंदिर मे चौका आरती का आयोजन किया गया जिसमे सर्वप्रथम संत कबीर साहेब की स्मृति में बने चबूतरे का पूजा अर्चना करने के पश्चात मंदिर स्थित भवन में चौका आरती का आयोजन किया गया जिससे समाज के लोगों के साथ बड़ी संख्या में गांव के लोग शामिल हुए।

# हमाल संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से मुलाकात की



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ हमाल संघ महासमुंद प्रतिनिधि मंडल द्वारा उत्कल समाज के अध्यक्ष महेंद्र सिका के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास पर मुलाकात कर हमालों की समस्याओं की जानकारी दी एवं पूरे छत्तीसगढ़ हमाल संघ द्वारा मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा। मुख्यमंत्री ने अपने निजी सचिव को समय देने को निर्देश दिया । इस दौरान प्रमुख रूप से दिलीप यादव, जुगराज महानंद, उपस्थित थे।

# शिक्षकों का चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का द्वितीय चरण हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एससीईआरटी के तत्वावधान एवम डाइट महासमुंद प्राचार्य मीना पाणिग्रही के मार्गदर्शन में 2027 तक प्रत्येक बच्चे में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या के निपुण भारत अभियान के लक्ष्य को प्राप्त करने प्राथमिक स्तर के शिक्षकों का ब्लेंडेड मोड में चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का द्वितीय चरण आशीबाई गोलछा हायर सेकंडरी सुमित्रा तिवारी सभागार महासमुंद एवं तुमगांव और झलप जोन में 18 से 21 जून तक हुआ।

प्रशिक्षण में जिला स्त्रोत दल द्वारा भाषा आधारित 4 ब्लॉक मॉडल,जिसके आधार पर शिक्षकों के समूह द्वारा पाठ्य योजना तैयार कर प्रस्तुतिकरण किया गया जिसकी समीक्षा भी गई। भाषा शिक्षण की दैनिक,साप्ताहिक और वार्षिक कार्ययोजना पर वृहद चर्चा की गई। भाषा शिक्षण की वार्षिक योजना अंतर्गत 26 सप्ताह में किए जाने वाली गतिविधियों की सम्पूर्ण जानकारी दी गई। द्वितीय बुनियादी गणित और संख्यात्मक ज्ञान पर आधारित मौखिक गणित अवधारणा संख्याओं पर समझ हुआ खेल-खेल में गतिविधि कराकर बच्चों में समझ स्थापित कैसे किया जाए इस पर प्रस्तुतीकरण किया गया।

तृतीय दिवस नवाजतन क्या और क्यों पर प्रशिक्षार्थियों की समझ बनाई गई। 21 सी सदी में दो वर्ग तैयार हो रहे हैं इन दोनों वर्गों में जो सफल है उसका कारण और जो वर्ग असफल है उसका निवारण कैसे किया जाए इसे स्पष्ट किया गया । नवाजतन, परिवर्तन अर्थात रूपांतरण जीवन में अनेक संभावनाओं के साथ जीवन हेतु आवश्यक कार्य कुशलता में दक्ष बनाती है नवा जतन बच्चों को सिखाने का नया तरीका सीखता है। प्रशिक्षण में असर नास एवं पिसा



सर्वे के विषय में चर्चा की गई साथ ही सिक्स सी के विषय में भी बताया गया यह सिक्स सी बच्चों में 21वीं साड़ी के कौशल निर्माण में मिल का पत्थर साबित होगा। यदि बच्चों में इस प्रकार की सोच तैयार कर ली गई तो वास्तव में शिक्षा जगत में परिवर्तन अवश्य होगा और यह परिवर्तन दृश्य एवं श्रव्य के साथ-साथ बोधगम्य भी होगा। प्रशिक्षण में बच्चों में कैसे स्वयं से प्रेरित होकर कार्य करें, चुनौती स्वीकार करना, ग्रुप लर्निंग, विषय लर्निंग, पियर लर्निंग, सेल्फी विद सक्सेस एवं अनुभव से कैसे सीखते हैं इस पर व्यापक चर्चा की गई।

प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस पुस्तकालय प्रबंधन और उपयोग जिसमें बिग बुक पढ़ने का तरीका बताया गया अंतिम सत्र में जादुई पिटारा का प्रदर्शन कर बच्चों में खिलौने एवं खेल के माध्यम से विभिन्न दक्षताओं को विकसित करने के तरीकों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान अध्यापन, पुनरावृत्ति और आंकलन के सरल और आसान तरीकों से परिचय कराया गया। प्रशिक्षण का अवलोकन डीपीसी कमल नारायण चंद्राकर, एपीसी सम्पा बोस, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा , एबीइओ गजेंद्र ध्रुव बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा,राज्य स्त्रोत दल सदस्य कविता देवांगन, डाइट से दुर्गा डडसेना एवं एसआरजी मधु साहू द्वारा समय-समय पर निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण के जिला नोडल कमलेश पांडेय हैं। प्रशिक्षण समापन अवसर पर अधिकारी अलग अलग प्रशिक्षण केंद्रों पर उपस्थित रहें ।

प्रशिक्षण हेतु महासमुंद जोन में एसआरजी एवम ब्लॉक प्रभारी मधु साहू डीआरजी खेमिन साहू,मनोज साहू,पवन साहू तुमगांव जोन में नीरज साहू,गोपाल साहू,बाल्मिकी साहू झलप जोन में मनीष चंद्राकर, सीमा यादव, कमल किशोर कुर्रे उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण में सभी जोन अंतर्गत आने वाले संकुल के संकुल समन्वयक भी उपस्थित थे।संपूर्ण प्रशिक्षण के सफल संचालन में सतीश तिवारी संकुल समन्वयक जोगिंदर गिलहरे, गणेश टंडन,मानिक राम साहू,एसी डोरा,अशोक साहू, निर्वाण ,ईश्वर कमार, खिलावन कंडरा, देवानंद पटेल, सुरेंद्र चंद्राकर, शेख रशीद, कुरैशी,डोंगर सिंह टंडन,शाहिद खान, कमल किशोर सिन्हा, पीतांबर पाठक, फनेंद्र बंजारे,लक्ष्मीनाथ सकरिया,केशव साहू एवं भुनेश्वर साहू का विशेष योगदान रहा । इस अवसर पर महासमुंद जोन प्रशिक्षार्थियों ने मास्टर ट्रेनर्स का मोमेंटो से सम्मान किया। अंतिम चरण का प्रशिक्षण दिनांक 24 जून से 27 जून तक होगा।

# अब प्रवेश परीक्षा पर बवाल, छात्रों ने कहा- सवाल सिलेबस से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने इस वर्ष परीक्षा में गड़बड़ियों के पूरे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। वार्षिक और सेमेस्टर परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों के बाद अब प्रवेश परीक्षा को लेकर भी विवाद निर्मित हो गया है।

- **गुरुवार को ली गई थी बीएएलएलबी की प्रवेश परीक्षा सर्वाधिक छात्र इसमें ही**

विश्वविद्यालय अध्ययनशाला में संचालित बीएएलएलबी पाठ्यक्रम के लिए गुरुवार को विवि द्वारा प्रवेश परीक्षा ली गई थी। परीक्षा दिलाने वाले छात्रों ने शुक्रवार को रविवि में अपनी शिकायत दर्ज कराई है। छात्रों का कहना है कि प्रवेश परीक्षाओं में पूछे गए सवाल सिलेबस के बाहर के हैं। प्रवेश परीक्षा दिलाने वाले छात्रों के मुताबिक, बारहवीं पास छात्रों से लॉ के सवाल पूछे गए हैं। ये वे सवाल हैं, जो एलएलएम प्रवेश परीक्षाओं के दौरान पूछे जाते हैं। जबकि उनके लिए जो सिलेबस जारी किया गया था, उसके मुताबिक सामान्य ज्ञान तथा लॉ के बेसिक सवाल पूछे जाने थे। अधिकतर छात्रों ने प्रवेश परीक्षा खराब जाने और सवाल आउट ऑफ सिलेबस होने की बात कही है। वहीं रविवि ने इस आरोपों से इनकार किया है। विवि प्रबंधन का कहना है कि सभी सवाल सिलेबस से ही पूछे गए हैं।

## खबर संक्षेप

### फुलकुंवर ठाकुर के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**सरायपाली।** पूर्व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) एवं एआईजी प्रशासन पुलिस मुख्यालय रायपुर छग में पदस्थ रहे आईपीएस अधिकारी गोवर्धन राम ठाकुर की माता फुलकुंवर ठाकुर (ओट्टी) का निधन हो गया है। उनके तीन पुत्र एवं तीन पुत्रियां हैं। गोविंद, मीना, रामगोपाल, सरयू, गोवर्धन, सुमित, कमल, विद्या, मीनाक्षी, दयावती,जानकी, उषा पुत्री थे। उनके निधन पर कांकेर, भेसमुंडी(गागरू) ,सरायपाली, रायपुर आदिवासी समाज एवं यादव समाज के सामाजिकजनों, अधिकारी, कर्मचारियों एवं इष्ट मित्रों ने श्रद्धांजलि देकर शोक व्यक्त किया है। श्रीमती फुलकुंवर ठाकुर की अंत्येष्टि गृहग्राम भेसमुंडी (गागरू) जिला कांकेर में किया गया।

### महिला को जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** उधार का पैसा वापस मांगने गई महिला को चार लोगों ने जान से मारने की धमकी दी । पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ सिंघोड़ा थाने में जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रमिला चौहान पति कलपराम चौहान निवासी ग्राम पैकिन ने बताया कि गांव के नूराधन तांडी ने मुझसे 35000 रुपए उधार लिया था, जिसे 21 जून को वापस करूंगा कहा था, उधार की रकम को मैं करीब 1:30 बजे ग्राम कोटवारिन सुमती छत्रे के साथ वापस लेने गई थी तब नूराधन तांडी द्वारा पैसा नहीं दूंगा जो करना है कर लेना, जाओ बोलकर मुझे गालियां दे रहा था, इसी दौरान नूराधन का लड़का रूपेश तांडी, नरेश तांडी, एवं उसकी पत्नी सुशीला तांडी दौड़ते हुए आए और पैसा नहीं देंगे, जो करना है कर लेना कहकर सभी लोग एक राय होकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 34, 506 के तहत मामला दर्ज किया है।

### आकाशीय बिजली गिरने से 22 साल के युवक की मौत

महासमुंद। सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम केंदूढार में बकरी चराने गए युवक की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 21 जून को दोपहर करीब 4:30 बजे दिनेश डड़सेना पिता फुलसाय 22 साल निवासी केंदूढार बकरी चराने के लिए गया था तब रामसागर तालाब मेड़ के पास झाड़ के नीचे खड़ा था इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर कार्रवाई विवेचना में लिया है।

### विश्व कल्याण की भावना लेकर महाआरती आज

**बसना।** भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम के संयुक्त तत्वावधान में सद्गुरुदेव परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज के दिशानिर्देश में विश्व कल्याण तथा समाज को नशामुक्त, मांसाहार मुक्त, चरित्रवान, चेतनावान बनाने बसना के कृष्ण बिदुर भवन में मासिक महाआरती का आयोजन आज किया गया है। यह आयोजन पांच घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ करके प्रातः 11 बजे से एक घंटे का तहसील स्तरीय मासिक महाआरती प्रारंभ होगा। 23 जून को होने वाली इस दिव्य अनुष्ठान में सैकड़ों की संख्या में भक्तों उपस्थित होने की अपील की है।

## आयोजन : ओबीसी मोर्चा का जिला स्तरीय योग कार्यक्रम

# भारत के दिए योग शक्ति का डंका समूचे विश्व में बज रहा : राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लक्ष्मण के निर्देश तथा प्रदेशाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा राकेश चंद्राकर के नेतृत्व में प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में ओबीसी मोर्चा द्वारा विश्व योग दिवस पर शिविर का आयोजन किया गया। महासमुंद जिले में ओबीसी मोर्चा का जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम तुमगांव में आयोजित किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राकेश चंद्राकर थे। कार्यक्रम में नगर पंचायत के सभी वार्डों के जनप्रतिनिधि, नागरिकगण, नपं के कर्मचारीगण, भाजपा कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में शामिल हुए तथा योग को जीवन में अपनाने की बात कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा चंद्राकर ने कहा कि बड़े से बड़े असाध्य रोगों का इलाज योग से किया जा सकता है। योग भारत की प्राचीन संस्कृति का हिस्सा है। भारत के ऋषि मुनियों ने योग, तप के माध्यम से सैकड़ों वर्ष बिना भोजन किए सिद्ध शक्तियां प्राप्त कर समाज कल्याण में जीवन समर्पित किया। आज भारत द्वारा दिए गए योग रूपी ज्ञान को समूचा विश्व फालो कर रहा है। योग की महत्ता को समझते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व योग दिवस मनाने का प्रस्ताव विश्व संगठन के समक्ष रखा। आज उसी का परिणाम है कि भारत की योग शक्ति की डंका पूरे विश्व में बज रहा है।

उन्होंने योगाभ्यास करने पहुंचे नागरिकों से प्रतिदिन योग आसन कर स्वस्थ रहने की बात कही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तुमगांव-सिरपुर मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल, नपं सीएमओ क्षीरसागर नायक, मुकेश निषाद, नपं के कर्मचारीगण व नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन निरोगी रहने का लिया संकल्प



**महासमुंद।** खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन बागबाहरा स्थित द्विवेदी फिटनेस पॉइंट में योग अभ्यास करवाया गया। अंकित ने बताया कि योग एक प्राचीन भारतीय पद्धति है, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देती है। नियमित योग अभ्यास से विभिन्न बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। आज की व्यस्त जीवनशैली और अस्वास्थ्यकर खानपान के कारण अपच एक सामान्य समस्या बन गई है। योग के माध्यम से अपच का प्रभावी उपचार किया जा सकता है। कुछ योगासन और प्राणायाम जो अपच में राहत दिलाने में सहायक होते हैं, जैसे पवनमुक्तासन, अर्धमत्स्येंद्रासन, वज्रासन से पाचन तंत्र बहुत सक्रिय होते है और पाचन क्रिया लिवर, किडनी मजबूत होते हैं। अंकित ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को रोज अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए समय जरूर निकालना चाहिए और व्यायाम, योग व कम से कम 10 हजार कदम पैदल अवश्य चलना चाहिए। इस योग अभ्यास में कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा, संजय अग्रवाल, संजय मालवे, सुरेंद्र द्विवेदी, उदित ठाकुर, कृष्णा यादव, हर्ष सोनवानी, सत्या, हेमसागर दीवान आदि मौजूद रहे।



### निरोग रहने का उत्तम साधन है योगः गोमती

पीएमश्री बृजराज प्राथमिक शाला महासमुंद में दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम 21जून को प्रातः 7 से 8 बजे आयोजित किया गया। पीएमश्री स्कूल के प्रधान पाठक गोमती साहू ने योग को निरोग रहने का उत्तम साधन बताया। यह भारत की प्राचीन परंपरा है। हमारे ऋषि मुनियों ने इसके महत्व को पहले से ही जान लिया था। अब पूरा विश्व योग के महत्व को समझ रहा है। सभी लोग अपने स्वास्थ्य के लिय योग करने प्रेरित किया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष देव शरण साहू, शिक्षक बिमलेश्वरी दुबे, मनीषा साहू, देवेंद्र ठाकुर, पालकगण एवं सभी बच्चों द्वारा शाला परिसर में योग किया गया।

## बेलसोंडा में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, जीवन में योग को अपनाने किया प्रेरित

**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा ग्रामीण मंडल महासमुंद द्वारा ग्राम बेलसोंडा में योग शिविर का आयोजन कर योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। योग से शरीर निरोग रहता है। आज योग का असर पूरे विश्व ने माना है। बेमचा शक्ति केंद्र के संयोजक राहुल चंद्राकर ने बताया कि योग से शरीर स्वस्थ रहता हैं। और स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन रहता हैं। स्वस्थ मन से हम अपना व देश का विकास कर सकते है। योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। योग प्रशिक्षक का कार्य डॉ वाणी तिवारी द्वारा किया गया।



इस अवसर पर ग्रामीण मंडल महामंत्री लक्ष्मी कांत तिवारी, बूथ अध्यक्ष धनेश साहू, पुरुषोत्तम चंद्राकर, नरेंद्र चंद्राकर, हिमांशु परमार, कीर्ति साहू, अंशू धीवर, कुमारी, दुलारी, सुशीला, कुमारी चंद्राकर, चिन्ता साहू, सालिक, बहुर कन्नौजे, पुरुषोत्तम टेलर, दशमत साहू, केकती, फूलबाई देवांगन, शशि, रूखमणी साहू, कृष्णा साहू, हठियारिन, सरिता, मीनाक्षी, रामेश्वरी, राजू, तुकेश साहू सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# केंद्र की भाजपा पेपर लीक और राज्य की भाजपा आगजनी वाली : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा रायपुर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित पेपर लीक मामले में प्रदेश स्तरीय धरने में शामिल हुए। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, धनेंद्र साहू, विकास उपाध्याय, प्रमोद दुबे सहित पूरे प्रदेश से आए विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश व जिला कार्यकारिणी के सदस्य शामिल थे।



**50 लाख बच्चे इससे प्रभावित और लगभग 500 करोड़ की कमाई की केंद्र की परीक्षा आयोग ने**

अंकित ने बताया कि नीट एग्जाम से हुए छात्र-छात्राओं को नुकसान का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि लगभग साढ़े 23 लाख बच्चों ने एग्जाम दी, एग्जाम फीस कम से कम 1600 रुपए थी यानी लगभग 375 करोड़ रुपए फीस से मिले, इसी प्रकार यूजीसी एग्जाम में लगभग साढ़े 11 लाख बच्चों ने फॉर्म भरा और फॉर्म की फीस से ही अनुमानतः 110 करोड़ रुपए केंद्र की भाजपा सरकार के परीक्षा आयोग को मिले। यानी कुल लगभग 500 करोड़ व कुल लगभग 50 लाख बच्चे इससे प्रभावित हुए। बच्चा नीट की तैयारी 10वीं से करने लगता है, और ऐसे पेपर लीक से उनकी विश्वसनीयता और विश्वास पर बड़ा कुठाराघात हुआ है। साल में दो बार होने वाली नीट एग्जाम को लेकर अब ऐसा लगता है कि आम जन का विश्वास उठ जाएगा। इसी प्रकार यूजीसी के एग्जाम का हाल है। और ऐसा होने से छात्र-छात्राओं पर बुरा मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ेगा और कई की उम्र इन घोटालों के कारण ख़त्म हो रही है।

अंकित ने कहा कि डबल इंजन की सरकार का इतिहास ही काले पन्नों वाला है( फिर चाहे इलेक्टोरल बांड की बात करें, रेल दुर्घटना की बात करें, महंगाई, बेरोजगारी की बात करें या नोटबंदी, जीएसटी, तीन काले कृषि कानून से मनमानी की बात करें, चाहे टेनी के बेटे ने किसानों पर गाड़ी चढाई, बॉर्डर पर किसान आंदोलन में 700 से ज्यादा किसान मारे गए, बृजभूषण शरण सिंह का महिला पहलवानों ने बर्ताव हो, उत्तरप्रदेश में दलितों पर अत्याचार हो या मध्यप्रदेश में आदिवासी के ऊपर पेशाब करना हो, छत्तीसगढ़ में जैतखंभ को तोड़ना हो और आगजनी हो लगातार ये सरकार इन सब में शामिल और देश व राज्य चलाने में असफल दिख रही है।

नीट परीक्षा के मुख्य दोषी एनटीए के चेयरमैन प्रदीप जोशी को तत्काल जेल में डालने की जगह छत्तीसगढ़ पीएचसी का अध्यक्ष बना दिया गया और इस नीट एक्जाम घोटाले की जांच का जिम्मा भी उन्हीं का सौंपा गया है। जिसकी जितनी निंदा की जाय कम हैं, बल्कि उन्हें दोनों पदों से हटाकर जेल में डाल देना चाहिए और नीट की सीबीआई जांच की घोषणा करनी चाहिए। इस परीक्षा के घोटाले में परीक्षा करवाने वालों का पूरी तरह से शामिल होने का पता इसी से चल जाता है कि परीक्षा शुरू होने के कुछ दिन पहले ही छात्रों को स्वेक्षा से परीक्षा केंद्र बदलने की अनुमति दी गयी और तो और झज्जर के बच्चों को जो कि 30 मिनट लेट से एग्जाम दे पाए उन्हें बोनस अंक दिया गया। बिहार में पुलिस जांच में बच्चों ने पेपर खरीदने और एग्जाम के कुछ घंटे पहले पेपर के उत्तर रटाए जाने की बात बताई, वो भी सामने आ चुकी है। जिससे 67 बच्चे 720 में 720 अंक पाए हैं और हल्ला मत मचे इस कारण रिज़ल्ट भी 4 जून को आम चुनाव के रिजल्ट के दिन शोरगुल में दब जाए इस उम्मीद से लाया गया।

अंकित ने कहा कि समस्त उपस्थित कांग्रेसजनों ने एक राय होकर कहा कि कांग्रेस हमेशा जनहित की लड़ाई के सामने आकर लड़ती रहेगी और छात्र-छात्राओं को न्याय मिलते तक ये लड़ाई जारी रहेगी। नैतिकता के नाते केंद्रीय शिक्षा मंत्री जो शुरू में इसमें गड़बड़ी से इनकार कर रहे थे उन्हें और एनटीए के अध्यक्ष प्रदीप जोशी को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए और सीबीआई की जांच कराकर दोनों को जेल में डालना चाहिए और जिसमें केंद्र की मोदी सरकार माहिर है। इसमें 32 से 40 लाख प्रति छात्र छात्रा लेनदेन की बात सामने आ रही है तो इसमें ईडी की जांच भी बैठाई जानी चाहिए।

# केंद्र के रिमोट पर चलने वाली भाजपा सरकार किसान हित में नहीं ले पा रहा निर्णयः विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि खरीफ का सीजन आ गया लेकिन, प्रदेश के सोसायटियों में अब तक खाद-बीज का भंडारण नहीं किया जा सका है। किसानों के कथित हितैषी बनने वाली भाजपा सरकार केवल खाद बीज की कमी नहीं होने की बातें कर रहे हैं। लेकिन, वास्तविकता कुछ और हैं, सोसायटियों में खाद-बीज लेने पहुंच रहे किसान खाली हाथ लौट रहे हैं।



चंद्राकर ने कहा कि बोनी का समय आ गया है, लेकिन किसानों को अभी तक खाद व बीज की उपब्लधता नहीं हो पा रही है। किसान बाजार से उंचे दाम पर बीज व खाद खरीदने को विवश हो रहे हैं। इससे पहले जब कांग्रेस की 5 वर्षों तक सरकार थी, तब कभी भी खाद व बीज की समस्या नहीं हुई। किसानों को वर्मी कम्पोस्ट व सुपर कंपोस्ट खाद उपलब्ध कराया गया। लेकिन, प्रदेश में भाजपा की सरकार आते ही खाद व बीज की समस्या शुरू हो गई है। चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के 80 फीसदी सोसायटियों में खाद-बीज आवश्यक मात्रा में अब तक नहीं पहुंच पाई है। भाजपा के नेता जैविक खेती की केवल बात करते हैं, इनका काम इनके दावे से उलट होता है। प्रदेश के किसी भी सोसायटी में ना वर्मी कंपोस्ट उपलब्ध है, ना सुपर कंपोस्ट। जैविक खेती का विकल्प किसानों से साय सरकार ने छीन लिया है। छग के किसान अब केवल रासायनिक खाद के भरोसे हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों को जैविक खेती करने प्रेरित किया था। इसलिए प्रत्येक गोठानों में गोबर की खरीदी कर उसे खाद बनाकर किसानों को दिया जाता था। जिसका उपयोग कर किसान रसायन मुक्त अन्न उगा रहे थे। वर्मी कंपोस्ट, गोबर खाद से किसानों की भूमि सुधार, खेतों की उर्वरा शक्ति में वृद्धि हुई थी। किसानों के साथ इसका लाभ समूह की महिलाओं को भी मिल रहा था। इसके माध्यम से आर्थिक लाभ महिलाओं को मिल रहा था। 10 रुपए में वर्मी कम्पोस्ट और 6 रुपए में सुपर कम्पोस्ट प्रति किलो की दर पर उपलब्ध था। यदि व्यवस्था में कोई खामी थी तो उस खामी को दूर किया जाना था, लेकिन इस बेहतरीन योजना को बंद कर साय सरकार ने किसान विरोधी होने का प्रमाण दिया है। चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश की सरकार केवल केंद्र सरकार पर आश्रित है। केंद्र के रिमोट पर चलने वाली यह सरकार किसान हित में फैसले नहीं ले पा रही है। प्रदेश में खरीफ सीजन में किसानों को खाद-बीज तो नहीं मिल रही। लेकिन, खाद व बीज की कालाबाजारी करने सरकार की संरक्षण में एक संगठित गिरोह सक्रिय हो गया है। जिसे भाजपा की सरकार अपना मौन समर्थन दे रहा है।



### दिव्यांग मरीज की मदद के लिए किया रक्तदान

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के पार्षद धर्मेंद्र यादव व जय मां शीतला आधार युवा शक्ति के सदस्यों ने एक दिव्यांग व्यक्ति के लिए रक्तदान किया। बता दें कि नगर के अति गरीब परिवार मिथलेश धीवर दोनों पैर से अपाहिज है। उसकी पत्नी भी अपाहिज है जिनके छोटे-छोटे बच्चे है और बहुत मुश्किल से दोनों छोटे से दुकान खोल कर जीवन यापन कर रहे थे। अचानक मिथलेश धीवर का स्वस्थ खराब हो गया। दोनों पैर से अपाहिज मिथलेश धीवर बीमारी के चलते उनके पैर को कटवाना पड़ा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई और लगातार खून की कमी के कारण स्वस्थ खराब होता जा रहा है, जिसकी जानकारी पार्षद धर्मेंद्र यादव को उनकी पत्नी द्वारा दी गई। जानकारी मिलने पर पार्षद यादव और युवा शक्ति के सदस्य हेमंत धीवर आदि सदस्यों ने मिथलेश धीवर के लिए रक्तदान किया। और लोगों से जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान की अपील की। साथ ही मिथलेश के सहयोग के लिए विधायक व सांसद से अनुरोध किया।

## कार्यक्रम में 35 लोग हुए शामिल, बिजली छूट और योजना की दी गई जानकारी

# विद्युत उपभोक्ता अधिकार विषय पर जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वच्छ व रिन्यूबल ऊर्जा व विद्युत बचत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बलौदा बाजार जिले के रिकोकला ग्राम में सिटीजन कंज्यूमर एंड सिविक एक्शन ग्रुप (सीएजी) चेन्नई व अनमोल फाउंडेशन रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में विद्युत फोरम का एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 35 लोग शामिल हुए।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता डॉ सुरेश शुक्ला ने आयोजन के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए अतिथियों का परिचय कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनमोल फाउंडेशन के निदेशक संजय शर्मा ने सीएजी के बारे में विस्तार से बताते हुए जानकारी दी कि सीएजी का कार्यालय चेन्नई में है तथा उपभोक्ताओं के अधिकारों के हितार्थ कार्य करता है। इलेक्ट्रिसिटी उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए यह परियोजना 6 राज्यों में सीएजी द्वारा संचालित की जा रही है। जिसमें एक छत्तीसगढ़ भी है। छत्तीसगढ़ में अनमोल फाउंडेशन के साथ मिलकर यह कार्यक्रम किया जा रहा है। विद्युत बचत करने के सम्बंध में बताते हुए जानकारी दी कि किस तरह से आजकल 3 स्टार 5 स्टार रेटिंग वाले उपकरण बाजार में आ रहे है, उनमें कौन सा उपकरण विद्युत बचत करता है, उसका उपयोग करने की सलाह दी।

विद्युत से संबंधित शिकायतें व उनके निराकरण के लिए उपभोक्ता फोरम व विद्युत नियामक आयोग के संबंध में बताया। इलेक्ट्रिसिटी इंजीनियरिंग दीपक साहू ने बताया कि विद्युत विभाग से कनेक्शन कैसे पाप्त होते है। बिजली बिल में छूट व उसके टेरिफ प्लान के संबंध में जानकारी दी। अंत में डॉ. शुक्ला द्वारा सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

